


आपका शहर-आपकी खबर


# हैलो हिसार

चैत्र, शुक्ल पक्ष, द्वितीय, 2078

आज का तापमान
अधिकतम
41
न्यूनतम
21

GOOD MORNING | रविवार, 03 अप्रैल, 2022 | वर्ष 7 | अंक 80 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 2.00


## भ्रष्टाचार पर वारः हरियाणा विजिलेंस में होगी सीबीआई की एंट्री, चार अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर लाएगी सरकार



चंडीगढ़ : हरियाणा विजिलेंस ब्यूरो में 15 दिन के भीतर सीबीआई के चार वरिष्ठ अधिकारियों की एंट्री हो जाएगी। एक अधिकारी की ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति की मंजूरी मुख्यमंत्री मनोहर लाल पहले ही दे चुके हैं। तीन अन्य अधिकारियों को लाने की अनुमति गुरुवार को दी गई है। यह अधिकारी सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी होंगे, जो कि एक करोड़ तक के भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई करने में सक्षम होंगे। सरकार का मानना है कि इस कदम से मामलों की जांच प्रभावी ढंग से होगी और भ्रष्टाचार पर करारी चोट करने का मौका मिलेगा।

यह अधिकारी अलग-अलग राज्यों से होंगे। इनके पुराने अनुभव का फायदा विजिलेंस में लिया जाएगा। कई बार विजिलेंस के जांच अधिकारी उस स्तर की जांच नहीं कर पाते, जितनी सीबीआई जांच में सक्षम होती है। सीबीआई के जांच के तौर तरीके भी अलग होते हैं। जबकि विजिलेंस में राज्य पुलिस के अधिकारी ही जाते हैं। उनकी जांच का तरीका राज्य पुलिस की तरह ही होता है। इसके अलावा सरकार ने डिविजन स्तर पर विजिलेंस ब्यूरो बनाने का भी निर्णय लिया है। यहां आईजी और डीआईजी स्तर के अधिकारी तैनात किए जाएंगे। ऐसे मामलों में कार्रवाई करने के लिए इन्हें स्टेट विजिलेंस ब्यूरो के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

> हरियाणा सरकार ने डिविजन स्तर पर विजिलेंस ब्यूरो बनाने का भी निर्णय लिया है। यहां आईजी और डीआईजी स्तर के अधिकारी तैनात किए जाएंगे। ऐसे मामलों में कार्रवाई करने के लिए इन्हें स्टेट विजिलेंस ब्यूरो के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी करेगी निगरानी**

मुख्यमंत्री ने डीसी और एसपी की बैठक में भी पिछले दिनों भ्रष्टाचार पर चोट करने के लिए कहा है। साथ ही हाई परचेज मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में मुख्य सचिव को अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त एवं राजस्व पीके दास, गृह सचिव, डीजीपी और डीजी विजिलेंस को शामिल किया गया है। यह कमेटी निगरानी करेगी कि विजिलेंस जांच तेज हो।

## कोरोना के चंगुल से मुक्त हुआ राज्य, अब सार्वजनिक जगहों पर मास्क पहनना अनिवार्य नहीं

चंडीगढ़ : हरियाणा में अब सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों पर बिना मास्क पहने बेरोकटोक घूम सकेंगे। हरियाणा सरकार ने शनिवार को एलान किया कि



सार्वजनिक स्थानों और कार्यस्थलों पर फेस मास्क पहनना अब अनिवार्य नहीं है।

सरकार ने मास्क न पहनने पर लगने वाला 500 रुपये का जुर्माना खत्म कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) राजीव अरोड़ा ने शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। राजीव अरोड़ा द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 27.05.2020, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थानों और कार्यस्थलों पर फेस मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया था, उसे तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है। सार्वजनिक/कार्यस्थलों पर फेस मास्क नहीं पहनने पर कोई दंड या 500 रुपये का जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

## तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे चल रही महिला को टक्कर मारी, मौत

हिसार। चंदन नगर के पास एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जख्मी हालत में महिला कैलाशो देवी को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया, यहां से उसे मेडिकल कॉलेज अग्रोहा रेफर कर दिया। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मृतका की बहन कृष्णा की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गांधी नगर की रहने वाली कृष्णा ने बताया कि वह कैमरी के सरकारी स्कूल में माली के पद पर कार्यरत है। 28 मार्च को मेरी बहन मुझसे मिलने के लिए आई थी।

## चंडीगढ़ पर पंजाब सरकार के दावे पर भड़के अनिल विज, कहा-बच्चा पार्टी को पूरी जानकारी नहीं



> पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान चंडीगढ़ पंजाब को देने का प्रस्ताव पारित किया गया था। सीएम भगवंत मान ने कहा था कि चंडीगढ़ में केंद्रीय सेवा नियमों को लागू करना पंजाब पुनर्गठन अधिनियम का उल्लंघन है।

अम्बाला : चंडीगढ़ को पंजाब को देने के पंजाब विधानसभा में पारित प्रस्ताव पर हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने निशाना साधा है। विज ने कहा कि पंजाब में जो सरकार आई है ये %बच्चा पार्टी% है इन्हें मुद्दों की पूरी जानकारी नहीं है। चंडीगढ़ का मुद्दा है लेकिन वह अकेला मुद्दा नहीं है उसके साथ एसवाईएल का मुद्दा है, हिंदी भाषी क्षेत्र के मुद्दे हैं तो इन सबका फैसला होगा किसी एक का नहीं। विज ने कहा कि अभी पंजाब सरकार के दूध के दांत भी नहीं टूटे हैं। इस पार्टी का जन्म धोखे से हुआ है। अन्ना हजारे के आंदोलन में कहीं भी ये एजेंडा नहीं था कि राजनीतिक पार्टी बनाई जाएगी। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में चंडीगढ़ में केंद्रीय सेवा नियमों को लागू करने के विरोध में एक प्रस्ताव पारित किया था। भाजपा को छोड़ सभी दलों ने सीएम मान का समर्थन किया और केंद्र के फैसले के खिलाफ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में चंडीगढ़ को पंजाब को सौंपने की बात कही गई है। विधानसभा में बहुमत के साथ इस प्रस्ताव को पास किया गया है।

## तीन नकलची पकड़े, ड्यूटी में कोताही बरतने पर सेंटर सुपरवाइजर रिलीव

हिसार। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) की ओर से शनिवार को 12वीं कक्षा की फिजिक्स व अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। 97 परीक्षा केंद्रों पर दोनों विषयों के करीब साढ़े 4 हजार परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। नकल रहित परीक्षा के लिए 10 उड़नदस्ता टीमों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सेंटर ऑब्जर्वर की फ्लाइंग ने निरीक्षण के दौरान 3 परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा। टीम ने उनकी यूएमसी बनाई। वहीं ड्यूटी पर लापरवाही बरतने पर सेंटर सुपरवाइजर कविता को रिलीव कर दिया। एचबीएसई द्वारा जारी की गई डेटशीट के अनुसार सोमवार को 10वीं कक्षा का अंग्रेजी विषय का पेपर होगा। फिजिक्स के परीक्षार्थी



अंकित, मुकेश, साहिल, संजय, कविता, संजना ने बताया कि सभी प्रश्न पाठ्यक्रम से ही आए थे। पेपर आसान था। इसके साथ ही अर्थशास्त्र के परीक्षार्थी विकास, कमल, सुरेंद्र, रोहित ने बताया कि अर्थशास्त्र का पेपर आसान था। परीक्षा में 40 नंबर के बहु वैकल्पिक प्रश्न आने से पूरा पेपर करना आसान हो गया है।

शनिवार को आयोजित हुई परीक्षा के दौरान भी विद्यार्थियों को पीने के पानी, बिजली व पंखों की समस्या से परेशान होना पड़ा। सुशीला भवन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ा। परीक्षा देकर बाहर आई कुछ छात्राओं ने बताया कि उन्हें घर से पीने के पानी की बोतल लेकर आनी पड़ रही है।






## एच.के.एस.डी गर्ल्ज स्कूल में हवन के साथ नये सत्र का शुभारंभ

हिसार, नागोरी गेट स्थित एच.के.एस.डी. गर्ल्ज सीनियर सैकेण्डरी स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चंद्र चौधरी एडवोकेट ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। स्कूल की प्रबंधक कमेटी के अन्य सदस्यों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इसके उपरांत स्कूल प्रांगण में हवन सेरेमनी के साथ नये सत्र का शुभारंभ किया गया। हवन में स्कूल की प्राचार्या रेनु मल्होत्रा सहित अन्य स्टॉफ सदस्यों व छात्रों ने आहुति डाली। इसके साथ ही कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के लिये दाखिला शुरु हो गया।

## श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नवरात्र महोत्सव आरंभ

हिसार। मॉडल टाऊन स्थित श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में शनिवार से नवरात्र महोत्सव आरंभ हो गया। नवरात्र महोत्सव के प्रथम



दिवस पर महायज्ञ की मुख्य यजमान व व्यास पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर संतोषी माता जी के सान्निध्य में हरिद्वार से पधारे वैदिक विद्वानों ने यजमानों की पूजा करवाई।

## भारत विकास परिषद वीर शाखा हिसार ने हवन यज्ञ से किया भारतीय नव वर्ष का स्वागत

हिसार, भारतीय नव वर्ष विक्रमी संवत् 2079 के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद् की वीर शाखा के सदस्यों ने सैक्टर 13, मुख्य मार्केट में हवन यज्ञ करते हुए स्वागत किया। वीर शाखा हिसार के अध्यक्ष डॉ सतीश वर्मा ने बताया कि शाखा के वरिष्ठ सदस्य और आचार्य जगतपाल शास्त्री ने पूरे विधि विधान से हवन यज्ञ करवाया। शाखा संरक्षक महिपाल यादव ने पुष्प मालाओं से शास्त्री और यजमान युगल का स्वागत किया।



### प्रथम नवरात्रे पर हनुमान मंदिर मूर्ति मण्डल ट्रस्ट, मोती बाजार में प्रज्जवलित की गई सैकड़ों अखंड ज्योतें

हिसार, प्रथम नवरात्र पर शहर के मध्य स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर मूर्ति मण्डल ट्रस्ट, मोती बाजार में पिछले नवरात्रों की तरह इस बार भी आज प्रातः मां दुर्गा, मां काली एवं मां संतोषी के दरबार में भक्त जनों द्वारा सभी मनोकामना को पूर्ण करने वाली सैकड़ों अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गई, जो रामनवमी तक जलती रहेंगी। सभी ज्योतें दिन-रात अखंड जलती रहें, इसके लिए मंदिर ट्रस्ट ने दिन व रात के लिए अलग-अलग ब्राह्मणों की सेवा के लिए व्यवस्था की है। इससे पूर्व कल पूरे मंदिर को सेनीटाइज करवाया गया था। आज मंदिर के प्रवेश द्वार पर ऑटोमैटिक सेनिटाइजर मशील की व्यवस्था की गई है ताकि मंदिर में प्रवेश से पूर्व हर भक्त अपने हाथों को सेनिटाइज कर सके।

# मण्डलायुक्त ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम में अधिकारियों को दी हिदायत

हिसार, मण्डलायुक्त चन्द्र शेखर ने सभी विभागों के अधिकारियों को ग्राम संरक्षक योजना के तहत अलॉट किए गए गांवों में योजनाबद्ध ढंग से प्राथमिकता के



आधार पर विकास कार्य करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से फिल्ड में जाएं, ताकि लोगों के प्रशासनिक कार्य उनके घर द्वार पर किए जा सकें। मण्डलायुक्त शनिवार को गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नववर्ष एवं नवरात्रों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्राम संरक्षक योजना के तहत एक-एक गांव अधिकारियों को अलॉट किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामिणों की मूलभूत समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जा सके। उन्होंने कहा कि समस्या के निराकरण में अगर किसी प्रकार की दिक्कत आती है तो उसका समाधान उपायुक्त के साथ विचार-विमर्श के उपरांत किया जाए। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें। उन्होंने शहर के सौंदर्यकरण एवं विकास कार्यो में तेजी लाने के लिए वार्ड स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। साऊथ बाईपास से एचएयू तक के सडक़ मार्ग पर इंटरलॉक टाईल्ज, सोलर लाईट, बैठने के लिए बैंच आदि की समुचित

**ग्राम संरक्षक योजना के तहत अलॉट गांवों में योजनाबद्ध ढंग से विकास कार्य करवाएं**

व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि आम नागरिक मैराथन दौड़ व अन्य गतिविधियों में भाग ले सकें। मण्डलायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सडक़ों की मुरम्मत करवाना सुनिश्चित करें। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं की परीक्षा को नकल रहित संचालित किया जाए तथा उच्च अधिकारी परिक्षाओं का निरीक्षण भी करते रहें।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा ही नव वर्ष है : आचार्य पुनीत



हिसार, आर्य समाज, मॉडल टाउन हिसार में चल रही वेद कथा के चतुर्थ दिवस सर्व प्रथम यज्ञ हुआ जिसमें यज्ञ ब्रह्मा आचार्य सूर्यदेव वेदांशु, एवं पवन कुमार रावलवासिया, दीपक भण्डारी, अरविंद बंसल, मांगेराम आर्य सपत्नीक यजमान रहे। न कोई साथी सखा सहेला, विजय के पथ पर चला अकेला.. .. भजन सुनाकर आचार्य सूर्यदेव वेदांशु से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेरठ से पधारे मुख्य वक्ता आचार्य पुनीत ने नव वर्ष, नव संवत्सर की महत्ता समझाते हुए कहा कि हम भारतीय जितने भी त्यौहार मनाते हैं, सब इस वैदिक पंचाग के आधार पर ही मनाते हैं। जोकि प्रकृति से जुड़ा हुआ है, चंद्र कलेंडर, सौर कैलेंडर, ये दोनों प्रकार के कलेंडर भारतीय संस्कृति की देन है। इसलिए आइए हम अपनी संस्कृति और संस्कारों पर गर्व करें और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही नव वर्ष के रूप में मनाएं। पंजाब से आये भजनोपदेशक जगत वर्मा ने सबसे बड़ा ओ३म् का नाम, पक्षीगण भी जिसको गाते, रटें सुबह और शाम। सबसे बड़ा ओ३म का नाम भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने किया।

कथा के अवसर पर आर्य समाज के प्रधान जगदीश प्रसाद आर्य, गंगा दत्त अहलावत, राम कुमार रावलवासिया, ज्ञानेश्वर आर्य, ईश्वर आर्य, सीताराम आर्य, सुधिंद्र आर्य, अशोक गौतम, कर्मवीर शास्त्री, विश्वदेव शास्त्री, निर्मला देवी, रेखा गौतम, संतोष आर्या, इंद्रा जावा, विजय जावा, वर्षा जावा, कांता कुमार आदि।

## दौड़ में राजू ने हासिल किया पहला स्थान, हांसी का पीके दूसरे स्थान पर

हिसार। गांव देवां में आयोजित 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कुरूक्षेत्र जिले के पीपली निवासी राजू ने पहला स्थान हासिल किया। राजू ने 4 मिनट 15 सेकंड में यह दौड़ पूरी की।दूसरा स्थान हांसी निवासी पीके ने दौड़ को 4.16 सेकंड में पूरा कर हासिल किया। भिवानी के गांव हड़ोदी निवासी संदीप ने 4.17 सेकंड में दौड़ पूरी कर



तीसरा स्थान पाया। मुख्य अतिथि संजीव गंगवा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। फकीरचंद देवां सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से शनिवार को गांव में मास्टर फकीरचंद की पुण्य तिथि पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें हिसार, सिरसा, भिवानी, दादरी,कैथल, कुरूक्षेत्र ,जींद, सोनीपत,रोहतक, झज्जर, महेंद्रगढ़ के अलावा राजस्थान के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजन समिति के

# विनोद गोयल दोबारा चुने गए अखिल भारतीय सेवा संघ के हिसार शाखा अध्यक्ष

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ शाखा हिसार की बैठक हुई। बैठक में वर्ष 2022—23 के लिए अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव किया गया। संघ के प्रांतीय संरक्षक डॉ. योगेश बिदानी, प्रांतीय इंदर



गोयल, प्रांतीय महासचिव विनोद धवन, प्रांतीय सचिव मुकेश वर्मा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता, प्रांतीय मीडिया सलाहकार राजेंद्र सपरा, प्रांतीय प्रचार सचिव संदीप भाटिया व जिला संयोजक कमल कक्कड़ व गिरिराज शर्मा की मौजूदगी में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

बैठक में सबसे पहले सचिव जतिन वधवा ने पूरे वर्ष की रिपोर्ट रखी और पूरे वर्ष किये गए सेवा कार्यों के बारे में बताया। इसके पश्चात कोषाध्यक्ष सुमित मित्तल ने वित्तीय स्थिति के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात नए वर्ष के लिए चुनाव

**नवनियुक्त अध्यक्ष ने किया सेवा कार्यों को और विस्तार देने का ऐलान**

किया गया जिसमें सर्वसम्मति से विनोद गोयल को दोबारा से अध्यक्ष, जतिन वधवा को सचिव व सुमित मित्तल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसी के साथ साथ संस्था की 11 सदस्यीय कार्यकारणी बनाई गई। इसमें शाखा सरंक्षक कृष्ण बंसल, शाखा अध्यक्ष विनोद गोयल, शाखा सचिव जतिन वधवा, शाखा कोषाध्यक्ष सुमित मित्तल, शाखा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर दास बिंदल, शाखा उपाध्यक्ष हरिप्रकाश सिंगल, शाखा संगठन मंत्री संजय सेहरा आदि।

## बिजली संशोधन विधेयक-2021 लिया जाए वापस-बांगड़

हिसार, ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंज्यूमर एसोसिएशन बिजली संशोधन विधेयक-2021 वापस लेने व बिजली कानून 2003 रद्द करने की मांग को लेकर चार अप्रैल को दिल्ली जंतर मंतर पर जोरदार प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन के उपरांत एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय बिजली मंत्री से मिलकर मांगों का ज्ञापन सौंपेगा। बिजली उपभोक्ता मंच इसमें बढ़चढ़ कर भाग लेगा।

बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणाा के प्रांतीय संयोजक मेहर सिंह बांगड़ ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार बिजली संशोधन बिल 2021 के जरिये पूरा बिजली क्षेत्र मुनाफाखोर कॉरपोरेट्स के हाथों में सौंपना चाहती है, जिससे बिजली दरों में बेतहाशाा बढ़ोतरी होगी और बिजली आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाएगी। इस बिल में क्रॉस सब्सिडी खत्म करने, आम आदमी के लिए बिजली शुल्क बढ़ाने, उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटर लेने के लिए मजबूर करने और परंपरागत सौर उर्जा के उत्पादन व उपयोग पर प्रतिबंध का भी प्रस्ताव है।

BHF Burn Healing Foundation
'Restoring life to burn survivors'
बर्न हिंलिग संस्था फाउंडेशन
के सहयोग से
सोनी बर्न हस्पताल
Email : soniburnhospital@gmail.com
Website: www.soniburnhospital.in
(डॉ. रजत सोनी)
नजदीक जाट कॉलेज, रेलवे रोड़, हिसार
जैसे : मांस का जुड़ जाना, उंगलियों का, मुड़ जाना, हाथ पैर, होंठ चेहरे की विकृति, गर्दन का जुड़ जाने की सर्जरी
गरीब मरीजों के लिए फ्री
M. 9986780443, 9896345666




Burn Healing Foundation 8595748981, 9810062554
B-18 Swasthya Vihar, Vikas Marg, New Delhi-110092
www.burnhealingfoundation.com
burnhealingfoundation@gmail.com
सहयोग के लिए सम्पर्क करें

# सीएम विंडो की शिकायतों पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा : मलिक

हिसार। हिसार लोकसभा निगरानी समिति की समीक्षा बैठक लोक निर्माण विश्राम गृह में हुई। इसमें जिले की सभी 9 विधानसभा के सभी एमिनेंट पर्सन ने भाग लिया। बैठक में सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों के निपटान के बारे में सभी ने अपने-अपने अनुभव साझा किए।

कुछ एमिनेंट पर्सन ने निगरानी समिति अध्यक्ष से कहा कि कुछ अधिकारी सीएम विंडो की शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। सीएम विंडो की शिकायतों के समाधान करने में कोई अधिकारी सहयोग नहीं करेगा तो उनके खिलाफ मुख्यमंत्री को लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जब से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सीएम विंडो में शुरू की है, तब से लाखों लोगों को घर बैठे उनकी शिकायतों का समाधान मिला है। मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में हिसार से रामचंद्र गुप्ता, परवीन जैन, प्रह्लाद सैनी, हांसी से राजीव शर्मा, बलवंत नंबरदार, प्रदीप गर्ग, गुरविंदर सिंह, नारनौद से बलबीर सिहाग, रोशन शर्मा, नलवा से कपूर सिंह, अनिल मल्हान, सुशील कौशिक, सोमबीर श्योराण, आदमपुर से पवन जैन, घनश्याम शर्मा, राजेश राहड़, बरवाला से सुभाष कोहाड़, परवीन सैनी, रामअवतार धारीवाल, उकलाना से रामफल नैन आदि।

# समाज मे खिलाड़ियों का अहम योगदान - चौटाला

## उपमुख्यमंत्री को बताया युवाओं और खिलाड़ियों का सच्चा हितैषी



हिसार, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के 34 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में जेजेपी ने जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर नव उदीयमान क्रिकेटर दिनेश बाना के पिता को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए खिलाड़ियों का समाज मे अहम योगदान बताया। उन्होंने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को युवाओ और खिलाडियों के सच्चा हितैषी बताते हुए कहा कि पिछले दिनों जब प्रदेश में नौकरियों में खिलाड़ियों का कोटा खत्म करने की खबर आई तो दुष्यंत चौटाला ने न केवल खिलाड़ियों को आश्वस्त किया बल्कि उनका कोटा फिर से बहाल करवाने का काम किया। जेजेपी प्रधान महासचिव ने नव संवतसर की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रघुकुल के समय से चली आ रही प्राण जाए पर वचन न जाये की नीति पर चलते हुए दुष्यंत ने चुनावों के समय जनता के किये वायदों को पूरा कर रहे है। चाहे 75 प्रतिशत निजी क्षेत्र में रोजगार आरक्षित करने की बात हो, पंचायती राज में महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी करनी हो या पिछड़ा वर्ग को उनके हक के अनुसार आरक्षण दिया जाना हो, हर बात को गम्भीरता के साथ लागू करवा दिया है। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि आगामी ढाई सालो में दुष्यंत चौटाला जनता से किये गए अधिकतर वायदों को पूरा करवा देंगे। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला खुद एक खिलाड़ी रहे है, इसलिए पार्टी संगठन ने उनके जन्मदिवस के अवसर पर क्रिकेट किट वितरित करने का फैसला लिया है। इसके तहत प्रथम चरण में जिला बार एसोसिएशन सहित जिले में 72 क्रिकेट किट वितरित की है। आगामी दिनों में इस परंपरा को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम को राज्य मंत्री अनूप धानक ने भी उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओ को बधाई दी।

**उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला बार एसोसिएशन सहित दर्जनों गांवो के खिलाड़ियों को वितरित की क्रिकेट किट**

## प्रतिभा की कोई कमी नहीं, बस निखारने की जरूरत

**बरवाला :** एनआरएम ग्रुप के तत्वावधान में दयानंद पब्लिक स्कूल बरवाला में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 117 बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद भगत सिंह हाई स्कूल हांसी के प्राचार्य राम अवतार ने किया, वहीं कार्यक्रम की



अध्यक्षता एमआरएम ग्रुप के अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्राइवेट स्कूल संघ नारनौंद के प्रधान जगदीश भैरों ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजसेवी रामफल बंसल उपस्थित हुए।

एनआरएम ग्रुप के सदस्य संदीप भनवाला नेबताया कि एनआरएस ग्रुप द्वारा कक्षा 10वीं गणित व 12वीं अंग्रेजी विषय की प्रतिभा खोज प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें आठ केंद्रों में 1086 बच्चों ने भाग लिया।

# कलश यात्रा के साथ रामलीला कमेटी कटला का 125वां राम नवमी महोत्सव शुरु



हिसार, श्रीरामलीला कमेटी कटला के तत्वाधान में आज प्रात: कलश यात्रा के साथ 125वां श्रीराम नवमी महोत्सव का शुभारंभ हो गया। संस्था के मीडिया प्रभारी व उपप्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी ने बताया कि कटला रामलीला के मैदान स्थित सियाराम मंदिर से श्रीश्री 1008 अनन्तश्री विभूषित श्रीमद् जगदगुरु रामनुजाचार्य त्रिदंडी जियर स्वामी देवनारायणाचार्य महाराज के सान्निध्य में शुरु हुई कलश यात्रा में एक ही वेशभूषा में 251 महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा को हकृवि के कुलपति डॉ. बी.आर. कम्बोज व शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह ने रवाना किया। मुख्य यजमान के रुप में समाजसेवी ऋषिराज बुड़ाकिया, योगेश मित्तल, महेश सिंगल, डॉ. सुरेश गोयल, मुकेश गर्ग, श्याम अग्रवाल उपस्थित रहे। निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की धर्मपत्नि डॉ. प्रतिमा गुप्ता, मेयर गौतम सरदाना की धर्मपत्नि मोनिका सरदाना व पार्षद कविता केड़िया विशेष रुप से उपस्थित हुए। कमेटी के प्रधान सुरेन्द्र लाहौरिया व कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। बैंड-बाजों व ढोल-नगाड़ों के साथ कलश यात्रा नगर के विभिन्न बाजारों खजांचियान बाजार, गांधी चौक, आर्य बाजार, राजगुरु मार्किट, नागोरी गेट, पारिजात चौक, पुरानी मंडी रोड से होकर ग्रीन स्केयर मार्किट से होते हुए महाराजा अग्रसैन भवन पहुंची जहां 9 अप्रैल तक दोपहर बाद 2.30 बजे से सायं 6 बजे तक भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। स्वामी देवनारायणाचार्य महाराज नित्य प्रति श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे।

# दि ट्रक ट्रांस्पोर्ट एसोसिएशन की बैठक में ट्रांस्पोर्टर्स ने उठाए मुद्दे, सरकार से की राहत देने की मांग

**हिसार**, दि ट्रक ट्रांस्पोर्ट एसोसिएशन हिसार की एक बैठक हिसार कैंट दिल्ली बाई पास रोड स्थित एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रधान सरदार कुलवंत सिंह ने की जिसमें एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। बैठक में एसोसिएशन ने अनेक मुद्दे उठाए जिसमें मुख्य विषय महंगाई की मार से ट्रांस्पोर्ट व्यवसाय भी बुरी तरह से प्रभावित है। इस व्यवसाय में खर्चे बहुत अधिक बढ़ गए हैं जबकि ट्रांस्पोर्ट का भाड़ा वही है। इसलिए सरकार से मांग है कि ट्रकों के भाड़े में वृद्धि की जाए। इसके साथ ही सरकार ट्रांस्पोर्ट्स को अन्य सुविधाएं भी प्रदान करे। डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण अब ट्रक मालिकों के लिए अपने व्यवसाय को चला पाना मुश्किल



होता जा रहा है। सरकार डीजल की कीमतों को नियंत्रण में लाने के साथ-साथ ट्रांस्पोर्ट मालिकों को राहत पैकेज दे ताकि वे मंदी से उबर सकें और अपने व्यवसाय को सुचारू रूप से चला सकें। इसके अलावा बैठक में एसोसिएशन द्वारा डाला बंद किया हुआ है

# बेतहाशा महंगाई के विरोध में युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के पुतले जलाकर जताया रोष

**हिसार :** देश में आसमान छूती महंगाई के विरोध में आज युवा कांग्रेस ने पुरानी सब्जी मण्डी चौक पर प्रभारी वेदप्रकाश व पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रामनिवास



राड़ा सैनी के सुपुत्र हिसार युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहित राड़ा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पुतला जलाकर रोष जताया। युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

प्रभारी वेदप्रकाश ने कहा कि वर्तमान में महंगाई अपने सबसे उच्च स्तर पर है और आम जनता इससे बुरी तरह त्रस्त है लेकिन केंद्र और राज्य सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही हैं। सरकार तुरंत प्रभाव से महंगाई पर रोक लगाकर आम जनता को राहत प्रदान करे। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रोहित रामनिवास राड़ा ने कहा कि महंगाई की मार से आम जनता पस्त और त्रस्त है लेकिन सरकार मस्त है। उसे आम जनता की तकलीफों से कोई लेना-देना नहीं है। महंगाई पर अंकुश लगाने की बजाय इसमें दिन-प्रतिदिन और बढ़ोतरी की जा रही है जिसके चलते जरूरत की मूलभूत चीजें आम जनता की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। पेट्रोल डीजल के दाम 100 रुपये से ऊपर पहुंच चुके हैं जबकि क्रूड ऑयल काफी सस्ता है।

## अस्थाई स्कूलों को राहत, एडमिशन करने स्कूल चलाने की मिली अनुमति

हिसार, पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट ने अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों को एक बड़ी राहत देते हुए शिक्षा विभाग को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने वर्ष 2003 से पहले वाले अस्थाई स्कूलों को नए शैक्षणिक सत्र में दाखिले की अनुमति दी है। इसके साथ ही स्कूलों का चलाने के भी आदेश दिए हैं। कोर्ट के इस फैसले पर सर्व हरियाणाा प्राइवेट स्कूल संघ ने खुशी जताई है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र सेठी ने बताया कि शिक्षा विभाग ने अस्थाई स्कूलों में दाखिला न करने का फरमान जारी कर दिया था। इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए सर्व हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ की ओर से प्रधान नरेंद्र सेठी, शिवकुमार शर्मा, रामफल जलंधरा व अमीलाल मालवाल ने एडवोकेट पंकज मैनी की मार्फत हाईकोर्ट में केस फाइल किया। इस पर 31 मार्च को सुनवाई हुई, जिसमें माननीय कोर्ट ने 2003 से पहले वाले अस्थाई स्कूलों को राहत दी।

# प्रथम नवरात्रे पर हनुमान मंदिर मूर्ति मण्डल ट्रस्ट, मोती बाजार में प्रज्जवलित की गई सैकड़ों अखंड ज्योतें

हिसार, प्रथम नवरात्र पर शहर के मध्य स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर मूर्ति मण्डल ट्रस्ट, मोती बाजार में पिछले नवरात्रों की तरह इस बार भी आज प्रात: मां दुर्गा, मां



काली एवं मां संतोषी के दरबार में भक्त जनों द्वारा सभी मनोकामना को पूर्ण करने वाली सैकड़ों अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गई, जो रामनवमी तक जलती रहेंगी। सभी ज्योतें दिन-रात अखंड जलती रहें, इसके लिए मंदिर ट्रस्ट ने दिन व रात के लिए अलग-अलग ब्राह्मणों की सेवा के लिए व्यवस्था की है। इससे पूर्व कल पूरे मंदिर को सेनीटाइज करवाया गया था। आज मंदिर के प्रवेश द्वार पर ऑटोमैटिक सेनिटाइजर मशील की व्यवस्था की गई है ताकि मंदिर में प्रवेश से पूर्व हर भक्त अपने हाथों को सेनिटाइज कर सके। अखंड ज्योतों के प्रज्जवल्लन के बाद मां भगवती की आराधना व मंगल आरती करके भोग लगाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं को हलवा, छोले, पेड़ा, पेठा मिठाई, फल के प्रसाद के साथ माता के दरबार का खजाना व माताओं को अटल सुहाग की भेंट दी गई। मंदिर के प्रधान रमेश कुमार लोहिया एवं महासचिव सज्जन गुप्ता ने बताया कि आज से मंदिर के पुजारी पंडित राजेश शास्त्री के सान्निध्य में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा श्री दुर्गा सप्तशती पाठ का शुभारंभ किया गया, जिसका 9 अप्रैल को श्रीदुर्गा अष्टमी पर हवन-कन्या पूजन व प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। अखंड ज्योतें प्रज्जवलित करने के दौरान पूरा मंदिर प्रांगण मां शेरावाली के जयकारों से गूंज उठा।

# युवती को बंधक बनाकर किया सामूहिक दुष्कर्म, चार पर केस दर्ज

हिसार : जिले के एक गांव में रहने वाली युवती से गांव के ही युवक ने छेड़छाड़ का मुकदमा वापस करवाने के लिए मंदिर में शादी का ढोंग रचा। इसके बाद उसे शेखपुरा की



एक ढाणी में बने कमरे में ले गया और बंधक बना लिया। इसके बाद बंदूक दिखाकर आरोपी युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

आरोपियों की इस साजिश में युवती के ताऊ का लड़का भी शामिल है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर सुरेश समेत चार के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी देने, शस्त्र अधिनियम और एससी-एसटी के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता ने बताया कि साल 2021 में गांव के सुरेश के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया था। उसके बाद से वह हमारे परिवार के साथ रंजिश रखने लगा। वह केस कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपी मुझे जगह-जगह जाते रोक लेता और धमकी देता। वह धीरे-धीरे मुझ पर दबाव बनाने लगा कि मैं सुधर गया हूं और मैं तुम्हें पसंद करता हूं। तुम केस वापस ले लो, मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं।

# हकृवि के तीन छात्र ड्यूल डिग्री के लिए आस्ट्रेलिया जाएंगे

## सालाना 30,000 आस्ट्रेलियन डॉलर की मिलेगी छात्रवृति




हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थी आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में ड्यूल डिग्री प्रोग्राम के तहत पीएचडी डिग्री के लिए शोध करेंगे। चुने गए इन विद्यार्थियों में खाद्य और पोषण विभाग की मंतव्या बिश्नोई, कीट विज्ञान विभाग की सिंधु और मृदा विज्ञान विभाग के चरण सिंह शामिल हैं। ये विद्यार्थी ड्यूल डिग्री प्रोग्राम के तहत एचएयू में अपना पाठ्यक्रम पूरा कर चुके हैं। इन विद्यार्थियों को वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी की ओर से संपूर्ण टयूशन फीस में छूट के साथ ही सालाना 30,000 आस्ट्रेलियन डॉलर की छात्रवृति दी गई है। ये विद्यार्थी 4 अप्रैल को आस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे।

प्रो. काम्बोज ने बताया विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नवीन तकनीकों में प्रशिक्षित करने के प्रयास में विश्व प्रसिद्ध अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए हैं। इसी कड़ी में आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ भी गत वर्ष अनुबंध हुआ था। अब एचएयू के विद्यार्थी लगातार विश्व के शीर्ष वरियता प्राप्त विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जा रहे हैं। छात्र चरण सिंह वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में डॉ. ऊफे नीलसन के मार्गदर्शन में बैक्टीरिया आइसोलेट्स पर काम करेंगे और

### चार अप्रैल को आस्ट्रेलिया रवाना होंगे

पौधों को अधिक पोषक तत्व प्रदान करने और सूखे के तनाव को कम करने में उनकी भूमिका का पता लगाएंगे। इस अनुसंधान को भारतीय परिदृश्य में भी दोहराया जाएगा। छात्रा मंतव्या बिश्नोई वहां के वैज्ञानिक डॉ. विजय जयसेना के मार्गदर्शन में आस्ट्रेलियन मधुमक्खी के शहद की गुणवत्ता का विशलेषण करेगी। इस शोध से पता लगेगा कि किस मधुमक्खी का शहद उत्तम गुणवत्ता का है।

# कैंडल मार्च निकाल डॉ. अर्चना शर्मा को दी श्रद्धांजलि

हिसार। राजस्थान के दौसा में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक अर्चना शर्मा के आत्महत्या प्रकरण में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने शनिवार देर शाम शहर में कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान चिकित्सकों ने मामले से जुड़े वहां के पुलिस अधीक्षक और नेताओं पर खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज करने की मांग उठाई।




इससे पहले पत्रकार वार्ता में आईएमए से जुड़े चिकित्सकों ने चेतावनी दी कि अगर, आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया तो प्रदेशभर में ओपीडी बंद कर दी जाएगी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रधान डॉ.जेपी नलवा, सचिव संदीप कालड़ा और डॉ. एपी सेतिया डॉ. रजत सोनी ने कहा कि दौसा में अपनी नर्सिंग होम चला रही स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक अर्चना शर्मा पर वहां के कुछ नेताओं और पुलिस ने इतना दबाव डाला कि उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा चिकित्सक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर दिया। ये कौन से कानून में है कि बिना मेडिकल बोर्ड की जांच के ही चिकित्सक पर हत्या का केस दर्ज कर दिया। उनका कहना है कि जिस महिला की डिलिवरी के बाद मौत हुई उनके परिजनों को पूरी स्थिति बता दी गई थी। 22 साल की उम्र में महिला की चौथी डिलिवरी थी। पहले भी तीन डिलिवरी ऑपरेशन के जरिये हुई थी। मृतक के परिजन शव को ले गए थे, लेकिन जो बिचौलिये थे और कुछ वहां के नेता श्मशान घाट से शव को लेकर आए और हंगामा करने के बाद चिकित्सक अर्चना के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करवा दिया। हत्या का केस दर्ज होने के बाद ही चिकित्सक ने आत्महत्या कर दी।

### नरेंद्र कुमार गोयल को जय दादी गौरी मंदिर सेवा समिति बाड्या ब्राह्मणान का प्रशासक किया नियुक्त

**हिसार** जिला रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसायटीज ने अपने आदेश क्रमांक 4283 दिनांक 29.3.2022 की अनुपालना में सेवानिवृत अधिकारी एन.के. गोयल, ज्वाईंट डायरेक्टर, डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स हरियाणा को जय दादी गौरी मंदिर सेवा समिति बाड्या ब्राह्मणान का प्रशासक नियुक्त किया है। रजिस्ट्रार द्वारा नियम एचआरआरएस एक्ट-2012 के तहत मंदिर की सेवा समिति का चुनाव करवाने, मंदिर की देखरेख व लेन-देन के लिए श्री गोयल को नियुक्त किया है। प्रशासक द्वारा पूर्व में बनाई गई समिति से मंदिर से संबंधित पूरा रिकॉर्ड ले लिया जाएगा। समिति के प्रधान विजय कुमार शर्मा ने बताया समिति पंजीकरण प्रमाण पत्र क्रमांक 86 वर्ष 2005-2006 अनुसार जय दादी गौर मंदिर सेवा समिति जिला रजिस्ट्रार समिति से रजिस्टर्ड करवाई गई थी।

# जाट आरक्षण आंदोलन मामला- अदालत ने आठ नेताओं को किया बरी, राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने का था आरोप

हिसार : जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान मय्यड़ गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने के करीब पौने सात साल पुराने मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिफा की अदालत ने महिला सहित आठ नेताओं को बरी कर दिया है। बरी होने वालों में जाट आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह पूनिया, सूबेदार ओमप्रकाश, कुलदीप लाडवा, जोगेंद्र मय्यड़, निर्मला दहिया, रामभगत मलिक, रिटायर्ड एसडीओ सतबीर सिंह पूनिया व सुरेश कौथ शामिल हैं। इस बारे में पुलिस ने 27 जुलाई, 2015 को भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 149, 283, 341 व राष्ट्रीय राजमार्ग एक्ट की धारा 8-बी के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपियों की पैरवी करने वाले एडवोकेट सुंदर सिंह बैनीवाल ने बताया कि पुलिस



एफआईआर के अनुसार घटना वाले दिन जाट आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाया हुआ था। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने उपरोक्त आठ पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ पुलिस में चालान पेश किया था। मामले की सुनवाई के दौरान शनिवार को अदालत ने सभी आठ आरोपियों को बरी कर दिया। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारी जोगेंद्र मय्यड़ ने बताया कि 7 वर्ष पहले हरियाणा सरकार ने इन मुकदमों को वापस लेने की हामी भरी थी लेकिन सरकार अपने वादे से मुकर गई।

# सरकारी घोषणा के अनुसार गेहूं का उठान 24 घंटे व भुगतान 72 घंटे में करना चाहिए : बजरंग गर्ग

हिसार - हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड़ के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अनाज मंडियों के दौरा करने के उपरांत कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गेहूं खरीद के लिए मंडियों में पुख्ता प्रबंध करने के सभी दावे पूरी तरह फेल है। गेहूं खरीद के लिए सरकार द्वारा मंडियों के अलावा गांव स्तर पर जो खरीद सेंटर बनाए हैं। मंडी व सेंटर में ना तो सफाई व्यवस्था, पीने का पानी, किसान भवन में किसानों के लिए ठहरने, चाय पानी व खाने की कोई व्यवस्था नहीं है। मंडियों में बेसहारा पशुओं की भरमार है। बजरंग गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गेहूं उठान 24 घंटे में करने व 72 घंटे में गेहूं खरीद का भुगतान करने के दावों को



भी झूठ का पुलिंदा बताया है जब की मंडियों से गेहूं खरीद का उठान कई-कई दिनों तक पैसे खाने के चक्कर में ठेकेदार नहीं करते है। सरकार के चहेते ठेकेदार गेहूं उठान के नाम पर आढ़तियों से 3 रुपए से लेकर 7 रुपए कट्टे तक अवैध वसूली करके करोड़ों रुपए एक सीजन में नाजायज तरीके से कमा रहे हैं। सरकार को ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। जो ठेकेदार गेहूं उठाने में देरी करें उसका ठेका तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए। श्री गर्ग ने कहा कि सरकार हर साल गेहूं व धान की खरीद के सीजन में गेहूं व धान उठान व भुगतान के लंबे चौड़े दावे करती है। मगर हर बार धान व गेहूं का उठान काफी लेट होने के साथ-साथ भुगतान काफी लेट किया जाता है। सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार गेहूं का उठान 24 घंटे व फसल का भुगतान 72 घंटे के अंदर-अंदर करना चाहिए। गेहूं उठान लेट होने पर गेहूं में जो भी घटती आए, उस घटती के पैसे आढ़तियों से वसूलने की बजाए।

### शिक्षा नियम 134-ए समाप्त करना निंदनीय : राकेश कुमार

हिसार, भवन निर्माण कामगार यूनियन हिसार ब्लॉक के अध्यक्ष राकेश कुमार ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा हरियाणा स्कूल शिक्षा नियमवाली संख्या 134 ए समाप्त करने की निंदा की है। एक बयान में उन्होंने कहा कि ऐसा करके राज्य सरकार ने गरीब बच्चों का हक छीना है। 28 मार्च से 134 ए के तहत गरीब बच्चों के दाखिले बंद कर दिए गए हैं, इससे गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में 134 ए के तहत दाखिले नहीं मिलेंगे। इस नियम के अनुसार सभी प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें गरीब बच्चों के लिए आरक्षित थी परंतु सरकार ने यह समाप्त करके गरीब बच्चों के सपनों को तोड़ा है। राकेश कुमार ने सरकार से मांग की है कि 134 ए के नियम को दोबारा लागू किया जाए और सभी प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित कर अति पिछड़ा वर्ग और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को उनका हक दिया जाए।

### मां भ्रामरी देवी शक्तिपीठ बनभौरी माता मंदिर में नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ

हिसार हर नवरात्र की तरह इस बार भी निकटवर्ती गांव बनभौरी बरवाला में मां भ्रामरी देवी शक्तिपीठ बनभौरी माता मंदिर में माता के पावन जयकारों व कन्याओं के पूजन से माता के नवरात्रों में नवरात्रि महोत्व का शुभारंभ किया गया। मां भ्रामरी देवी शक्तिपीठ बनभौरी धाम ट्रस्ट के



मुख्य प्रशासक सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि नवरात्रों के पवन पर्व में मंदिर में प्रतिदिन प्रात:काल व सायंकाल में माताजी की पावन आरती होगी व प्रतिदिन ही बाहर से आए श्रद्धालुओं व सभी सेवादारों के लिए सात्विक, पौष्टिक व शुद्ध घी से निर्मित भंडारे के प्रसाद का आयोजन रहेगा। इसके अलावा नवमी के दिन मां को 56 प्रकार का भोग लगाया जाएगा। इससे पूर्व विद्वान ब्राह्मणों द्वारा माता रानी की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की जा रही है ।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी राजेन्द्र कुमार द्वारा 1033, मौहल्ला कुम्हारान, विजय नगर हिसार से प्रकाशित एवं ध्रुव प्रिंटिंग प्रैस, 96, रेलवे रोड, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : राजेन्द्र कुमार
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा। RNI: HARHIN/2015/66943
M.: 9215156999 email:hellohisar16@gmail.com